जांच सूची

कार्यस्थल की तैयारियां

इस बात को सुनिश्चित करें कि आपका कार्यस्थल कोरोना महामारी के संक्रमण से सुरक्षित है, सभी उपकरण सही तरीके से काम कर रहे हैं और फैक्ट्री में साफ-सफाई बरकरार है

अगर आप अपने कार्यस्थल को दोबोरा से शुरू करने की सोच रहे हैं, तो आपके लिए कुछ त्वरित सुझाव है। इसके अलावा आपके लिए अतिरिक्त संसाधन भी मौजूद हैं

कोविड-19/कोरोना संक्रमण से बचाव के तरीके और तैयारियां	
स्वास्थ की जांच *कार्यस्थल पर आने वाले स्टाफ, ठेकेदारों और आगंतुकों के स्वास्थ्य की जांच करें*	• इस बात को सुनिश्चित करें कि कार्यस्थल पर आने वाला हर स्टाफ, ठेकेदार और आगंतुक स्वयं घोषणा पत्र को पढ़ें और उसमें ये जरूर उल्लेख करें कि उसमें कोरोना के कोई लक्षण तो नहीं है, हाल फिलहाल में वो किसी कोरोना के संदिग्ध या मरीज के संपर्क में तो नहीं आया है • संपर्क रहित तापमान जांचने वाली मशीन(थर्मल स्कैनर) का इस्तेमाल कर कार्यस्थल के अंदर जाने वाले हर शख्स की जांच जरूरी है • दफ्तर में एक व्यवस्थित तरीके से उन लोगों की जांच के लिए इंतजाम किया जाए जिनकी तबियत काम करते वक्त खराब हो रही हो • गैर जरूरी लोगों का प्रवेश वर्जित किया जाए। ऐसे लोगों को भी अंदर प्रवेश करने से रोका जाए जिनके अंदर कोरोना के लक्षण हैं या फिर उनकी उम्र ज्यादा है
उचित दूरी बनाकर रखें *कार्यस्थल पर ऐसी व्यवस्था बनाएं कि लोगों के बीच कम से कम 5-6 फीट की दूरी बनी रहे*	• ऑफिस में ब्रेक का समय इस प्रकार रखा जाए कि बेवजह लोगों का जमावड़ा न हो (छोटे-छोटे समूह में लोगों को 5-10 मिनट का ब्रेक मिले) • ऐसे कार्यप्रवाह को रोकें, जिसमें लोग एक दूसरे से मिलते हैं, जैसे पेपर के इस्तेमाल पर रोक लगनी चाहिए • ऑफिस में वर्कस्टेशन, कन्वेयर बेल्ट, उपकरण और दफ्तर की मेज पर आमने-सामने बैठने के इंतजाम को खत्म करना चाहिए • लोगों या सामान के आने-जाने का रास्ता एकतरफा होना चाहिए ताकि मेल-मिलाप कम हो • हर कार्यक्षेत्र/वर्कस्टेशन के बीच में कम से कम 1.5 मीटर की दूरी होनी चाहिए, मुमकिन हो तो उसे पर्दे या प्लाई से अलग करें • डिजिटल मीटिंग को बढ़ावा दें, चाहे वो आंतरिक मीटिंग ही क्यों न हो • आमने-सामने बैठकर की जाने वाली मीटिंग को आपात स्थिति में ही किया जाए, अगर ऐसा करना भी पड़ रहा है, तो उसे छोटा रखें। इस दौरान सामाजिक दूरी का ख्याल रखें • लिफ्ट का इस्तेमाल कम से कम किया जाए। लिफ्ट का इस्तेमाल करते वक्त भी ये सुनिश्चित करें कि हर शख्स का चेहरा लिफ्ट की दीवार की तरफ हो • पूरे दफ्तर के आम क्षेत्र(कॉमन एरिया) में चलने/खड़े होने या काम करने की जगह को चिन्हित किया जाए • लाइन में लगते वक्त सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखें (अंदर प्रवेश करते वक्त, खाना खाते वक्त, गोदाम में) • हर दूसरे टॉयलेट, शॉवर, नल इत्यादि को बंद कर दिया जाए • टू व्हीलर पर एक से ज्यादा शख्स और चार पहिया गाड़ी में दो से ज्यादा लोगों के घूमने पर प्रतिबंध लगाएं

Building Back Business from Crisis
MSME

जांच सूची

नजदीकियों से बचें *स्पर्श से संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए ऐसी जगहों को चिन्हित करके खत्म करें जो इसका केंद्र है*	• एक कार्यस्थल/वर्कस्टेशन पर एक ही शख्स के काम करने का नियम बनाएं • बिना सफाई के औजारों या उपकरणों को साझा करने पर रोक लगाएं • लाइट, दरवाजों इत्यादि के लिए सेंसर या बिना छुए संचालित स्विच के इस्तेमाल करने पर जोर डालें। पांव और कोहनी से चलने लायक उपकरण लगा सकते हैं • बॉयोमेट्रिक स्कैनर का इस्तेमाल फिलहाल बंद कर दें • दोबारा इस्तेमाल किए जाने वाले कप, बोतल और प्लेट को वर्जित करें, स्टाफ को कोई दूसरा विकल्प दें • बाथरूम में आम तौलिया के इस्तेमाल को रोकें • रेलिंग को बेवजह पकड़ने वालों को ऐसा न करने का सुझाव दें • पेपर के इस्तेमाल पर रोक लगाएं • कैश के इस्तेमाल पर रोक लगाएं
स्वच्छता को बढ़ावा दें *कार्यस्थल पर स्वच्छता को बढ़ावा देकर खुद को और दूसरों को खतरे से बचाएं*	• अच्छी और स्वस्थ आदतों को बढ़ावा दें- किसी भी हालत में अपने हाथ से नाक, कान और मुंह को न छुएं • खांसते वक्त खास ख्याल रखें– खांसते या छींकते वक्त अपने मुंह को अपनी कोहनी से ढंकें या फिर टिशू पेपर का इस्तेमाल करें और उसे फौरन डस्टबिन में फेंके • थूकने पूर पाबंदी लगाएं • प्रवेश द्वार, लंच एरिया और कार्यस्थल/वर्कस्टेशन के पास हाथ धोने का साबुन और अल्कोहल युक्त सैनिटाइजर जरूर उपलब्ध करवाएं • शिफ्ट शुरू होने से पहले और खत्म होने के बाद अपने डेस्क, कुर्सी, टेबल, औजार इत्यादि को सैनिटाइजर से साफ करें • बार-बार छुए जाने वाली जगह(दरवाज़े, गेट) को समय-समय पर साफ करवाएं • फैक्ट्री के अंदर आने वाली गाड़ियों में धूमन करवाएं • बिल्डिंग के हर फ्लोर को 1% हाइपोक्लोराइट सॉल्यूशन से धोएं • फैक्ट्री में बाहर से आने वाले सामान को 24 से 48 घंटे तक अलग रखें • कार्यस्थल पर ज्यादा से ज्यादा वेंटिलेशन बनाएं • एसी का इस्तेमाल कम से कम करें, अगर कर भी रहे हैं तो एयर फिल्टर का इस्तेमाल जरूर करें और समय समय पर एयर फिल्टर की सफाई करवाते रहें • कार्यक्षेत्र में ही खाना खाएं, बाहर का खाना खाने से बचें • केवल पका हुआ और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों की अनुमति दें
ज्यादा से ज्यादा पर PPE किट का इस्तेमाल *सामाजिक दूरी और साफ सफाई के साथ साथ ज्यादा से ज्यादा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण(पीपीई) पहनें*	• कार्यस्थल पर फेस कवर या मास्क का वितरण करें और इसका इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करें और उन लोगों को ग्लव्स दें जो जगह-जगह हाथ लगाकर काम कर रहे हैं • PPE किट लगाते और उतारते वक्त हाथ जरूर धोएं • इस्तेमाल किए गए PPE को अलग से जमा करें, क्योंकि इसे कोरोना के संदिग्ध कचरे के तौर पर माना जाता है

जांच सूची

परिचालन की तैयारी	
रखरखाव और मरम्मत *मशीनों, औजारों और बिल्डिंग का रखरखाव और मरम्मत करें*	मशीनें और उपकरण ● मशीनों को व्यापक तरीके से साफ करें, मशीन से पानी या तेल के लीकेज या ओवरफ्लो की जांच कर और उसे ठीक करें ● मशीन के अंदर चलने वाले हर पुर्जे की जांच अच्छे से करें ● हर कंट्रोल और स्विच की गहन जांच करें ● हर चीज की गहन जांच करें, कहीं कोई दिक्कत तो नहीं है, अगर है तो कहां है और उसे कैसे ठीक किया जाए? ● मशीनों के फिल्टर की जांच करें और जरूरत पड़ने पर उन्हें बदलें ● बिजली के हर जुड़ाव(कनेक्शन), इन्सुलेशन(अर्थिंग), हर स्विच बोर्ड इत्यादि की जांच करें ● भाप, पानी, कूलिंग और दबाव वाले हवा के हर प्रवाह की जांच करें, कहीं कोई लीकेज तो नहीं है ● हर उपकरण, ढाल इत्यादि काम करने की हालत में है या नहीं, उसकी जांच करें उपयोगिता के उपकरण ● भट्ठी की जांच करें, कहीं कोई दिक्कत तो नहीं है ● संपीडक(कंप्रेसर) के हर पुर्जे की गहन जांच करें ● भाप के पाइप, वाल्व की जांच करें, दिक्कत होने पर विसंवाहक(इन्सूलेटर) को ठीक करें ● दबाव वाली हवा (कंप्रेस्ड एयर) के प्रवाह की जांच करें, कहीं लीकेज तो नहीं है ● पानी के प्रवाह की जांच करें, कहीं ओवरफ्लो या लीकेज तो नहीं है बिल्डिंग ● बिल्डिंग की संरचनात्मक स्थिति की गहन जांच करें, हर मंजिल और छत की भी जांच करें ● बिजली और संचार प्रणाली की जांच करें ● लाइटिंग, हवा के प्रवाह और एसी सिस्टम की गहन जांच करें ● अग्नि निकासी प्रणाली की जांच करें
कार्यस्थल को क्रमबद्ध करें *फैक्ट्री और गोदाम की साफ सफाई करें और उसे क्रमबद्ध करें*	कार्यकेंद्र/वर्कस्टेशन की उत्पादकता ● कार्यकेंद्र, गोदाम, गलियारे और छत से गैर जरूरी सामान को खाली करें ● कार्यकेंद्र, गलियारों और आने-जाने के रास्तों इत्यादि पर संकेत या चिन्ह बनाएं स्वास्थ और सुरक्षा ● बिजली के नंगे तार, खुले नाले, टूटी सतह इत्यादि से होने वाली दुर्घटनाओं को कम से कम करें ● गार्डिंग रेल्स, शील्ड आदि के साथ घूमने वाले भागों, गर्म सतहों आदि के साथ संभावित संपर्क को पहचानें और सुधारें। ● सभी कार्यस्थलों/वर्कस्टेशन पर पर्याप्त रोशनी और वेंटिलेशन सुनिश्चित करें ● हाथ धोने और साफ सफाई के लिए एक निर्धारित जगह बनाएं